## शुरूआती चरणों में कैंसर का पता लगाने के लिए टेस्ट

ऑस्ट्रेलिया में कैंसर स्क्रीनिंग के तीन कार्यक्रम हैं। ये कार्यक्रम बाउल (आंत), ब्रेस्ट (स्तन) और सर्विकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर के शुरुआती लक्षणों का पता लगाने के लिए सरल टेस्टों (परीक्षणों) का उपयोग करते हैं। शुरूआती चरणों में कैंसर का पता लगाने से इसका इलाज करना अधिक आसान हो जाता है, और जीवित रहने की संभावना और अधिक हो जाती है।

टेस्ट उन लोगों के लिए हैं जिनमें कैंसर के लक्षण नहीं हैं। यदि आपको कैंसर के लक्षण हैं, तो अपने डॉक्टर को बताएं।

यदि आपके पास हरा या नीला (अंतरिम) मेडिकेयर कार्ड है तो ये तीनों टेस्ट निःशुल्क हैं। यदि आपके पास मेडिकेयर कार्ड नहीं है, तो अपने डॉक्टर से बात करें कि ये टेस्ट करवाने की लागत कितनी होगी।

**कैंसर के लिए स्क्रीनिंग (जांच) करवाना आपका जीवन बचा सकता है।**

यदि आप आंत्र, स्तन या गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जाँच के बारे में अधिक जानकारी चाहते/ती हैं, तो यहां जाएं

- cancersa.org.au
- breastscreen.sa.gov.au
- ncsr.gov.au

यदि कैंसर का निदान होने के बाद आपको सहायता की आवश्यकता है, तो **कैंसर काउंसिल SA 13 11 20** को कॉल करें।



यह संसाधन कैंसर Cancer Council SA (काउंसिल एसए) और BreastScreen SA (ब्रेस्टस्क्रीन एसए ) द्वारा तैयार किया गया था, और इसे प्रिंट तथा अनुवाद करने के लिए धनराशि Country SA PHN (कंट्री एसए पीएचएन) द्वारा दी गई थी।

BreastScreen SA

Government of South Australia
SA Health

phn COUNTRY SA
An Australian Government Initiative

Cancer Council SA

कैंसर के बारे में मुफ़्त* और गोपनीय जानकारी और सहायता के लिए, सोमवार से शुक्रवार सुबह 9.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक:

- कैंसर काउंसिल को **13 11 20** पर कॉल करें
- **cancersa.org.au** पर ऑनलाइन चैट करें
- **askanurse@cancersa.org.au** पर ईमेल करें

**131 450** पर निःशुल्क* दुभाषिया सेवा उपलब्ध है।

* एक स्थानीय कॉल की लागत

फरवरी 2025 में समीक्षा की गई

Hindi | हिन्दी

Cancer Council SA

# शुरूआती चरणों में कैंसर का पता लगाने के लिए टेस्ट

### ऑस्ट्रेलिया के कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रमों के बारे में जानकारी



शुरूआती चरणों में कैंसर का पता लगाना

सूचना और समर्थन
**13 11 20**
**cancersa.org.au**




## शुरूआती चरणों में बाउल (आंत) कैंसर का पता लगाना

ऑस्ट्रेलिया में एक नेशनल बाउल कैंसर स्क्रीनिंग प्रोग्राम (राष्ट्रीय आंत कैंसर जांच कार्यक्रम) उपलब्ध है। यह कार्यक्रम बाउल (आंत) कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों का पता लगाने के लिए एक सरल टेस्ट (परीक्षण) का उपयोग करता है, अक्सर इससे पहले कि लक्षण आपको दिखाई दें। टेस्ट डाक से आपके घर भेजा जाएगा।

45-74 आयु वर्ग के सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों को हर दो साल में बाउल (आंत) कैंसर टेस्ट करना चाहिए।

**आयु 45-49: अपना पहला बाउल कैंसर टेस्ट ऑनलाइन** ऑर्डर करें। उसके बाद, आपको हर दो साल बाद एक नया टेस्ट अपने आप भेजा जाएगा।

**आयु 50-74:** आपको बाउल कैंसर टेस्ट का ऑर्डर करने की आवश्यकता के बिना हर दो साल बाद यह भेजा जाएगा।

**Cancer Council SA निम्नलिखित करने का सुझाव देता है:**

- डाक से अपनी टेस्ट किट आने पर इसे पूरा करना और वापस भेजना।
- यदि आपको बाउल कैंसर के लक्षण हों तो अपने डॉक्टर को दिखाना। संकेतों में आपके मलाशय से रक्तस्राव होना, मल-त्याग करने के बाद शौचालय (टॉयलेट) में या टॉयलेट पेपर पर रक्त दिखाई देना, बिना किसी स्पष्ट कारण के कब्ज या दस्त होना, या बिना किसी स्पष्ट कारण के थकान होना।
- यदि आपके परिवार में किसी को बाउल कैंसर रहा है तो अपने डॉक्टर को दिखाना।

**QR कोड को स्कैन करके:**

- **अपनी पहली टेस्ट किट, या रिप्लेसमेंट किट ऑर्डर करें।**
- **अपनी भाषा में जानकारी प्राप्त करें।**



## शुरूआती चरणों में ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर का पता लगाना

BreastScreen SA शुरूआती चरणों में ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर का पता लगाने के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग मैमोग्राम प्रदान करता है। मैमोग्राम में स्तनों का एक्स-रे करना शामिल होता है।

स्क्रीनिंग मैमोग्राम 40 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए हैं, विशेष रूप से 50-74 वर्ष की महिलाओं के लिए।

QR कोड स्कैन करें या अपना नि:शुल्क मैमोग्राम बुक करने के लिए 13 20 50 पर BreastScreen SA को कॉल करें। वे आपकी अपॉइंटमेंट के लिए बिना किसी लागत के एक महिला दुभाषिया बुक कर सकते हैं।

सभी कर्मचारी महिलाएँ हैं। भाग लेने के लिए आपको अपने डॉक्टर से रेफरल की आवश्यकता नहीं है।

**कैंसर काउंसिल एसए (Cancer Council SA) और ब्रेस्टस्क्रीन एसए (BreastScreen SA) सलाह देते हैं कि:**


- हर दो साल बाद एक मुफ्त स्क्रीनिंग मैमोग्राम करवाना।
- अपने स्तनों की सामान्य दिखावट और छूने पर होने वाले अनुभव को जानना ताकि आप किसी भी बदलाव को नोटिस कर सकें। बदलावों में कोई गांठ का होना, निप्पल से डिस्चार्ज (रिसाव) होना, या कोई ऐसा अन्य परिवर्तन होना शामिल है जो आपके लिए सामान्य नहीं है।
- यदि आपको कोई बदलाव दिखाई देता है, तो अपने डॉक्टर को दिखाना, क्योंकि स्क्रीनिंग मैमोग्राम आपके लिए उपयुक्त नहीं है।

**breastscreen.sa.gov.au पर जाएँ:**

- मैमोग्राम कराने के बारे में और अधिक जानकारी के लिए।
- आपकी भाषा में जानकारी के लिए।

**QR कोड को स्कैन करके:**

- **ऑनलाइन अपना मैमोग्राम अपॉइंटमेंट बुक करें।**



## शुरूआती चरणों में सर्विकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर का पता लगाना

ह्यूमन पेपिलोमावायरस (HPV) के लिए टीकाकरण करवाने से और नियमित रूप से सर्विकल स्क्रीनिंग टेस्ट करवाने से सर्विकल कैंसर को रोका जा सकता है।

25-74 आयु वर्ग की महिलाओं और लोग जिनके शरीर में गर्भाशय ग्रीवा होती है, उन्हें किसी चिकित्सा केन्द्र में हर पांच साल में एक बार टेस्ट करवाना चाहिए। आप खुद से टेस्ट करने का चयन कर सकती हैं (सेल्फ-क्लेकशन), या कोई डॉक्टर या नर्स आपके लिए यह टेस्ट कर सकते हैं।

**Cancer Council SA निम्नलिखित करने का सुझाव देता है:**

- HPV के लिए टीकाकरण करवाना। यह टीका (वैक्सीन) 12-25 वर्ष की आयु के लोगों के लिए मुफ्त है। फार्मेसी या मेडिकल क्लिनिक में टीका (वैक्सीन) लगवाएं। कक्षा 7 में पढ़ाई करने वाले बच्चों को स्कूल में टीका लगाए जाने की पेशकश की जाती है।
- 25 वर्ष की आयु से सर्विकल स्क्रीनिंग टेस्ट करवाना।
- जब आप अपनी अपॉइंटमेंट बुक करते हैं, तो यदि आपको आवश्यकता हो तो दुभाषिए के लिए अनुरोध करें। यदि आप चाहें तो आप एक महिला डॉक्टर या महिला नर्स के लिए भी अनुरोध कर सकती हैं।
- यदि आपके शरीर में सर्विकल कैंसर के कोई लक्षण हैं तो अपने डॉक्टर को दिखाना। लक्षणों में आपके पीरियड (मासिक-धर्म) के बीच रक्तस्राव होना या सेक्स करने के दौरान दर्द होना शामिल है।

सेल्फ-क्लेकशन विकल्प सहित सर्विकल स्क्रीनिंग के बारे में और अधिक जानकारी **के लिए QR कोड स्कैन करें।**